# समाचार
# पानी टैंकरो को जनसेवा में समर्पित किया महापौर ने



कोरबा 03 मई 2016 – महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज निगम के केन्द्रीय भण्डारगृह में आयोजित एक सादे कार्यक्रम में नौ–नौ हजार लीटर की क्षमता वाले 02 पानी टैंकरों को जनसेवा में समर्पित किया। इस मौके पर निगम के अधिकारीगण एवं अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा क्षेत्र की पेयजल समस्याग्रस्त बस्तियों में समुचित रूप से पेयजल की आपूर्ति कर नागरिकों को पानी उपलब्ध कराने की दिशा में हर आवश्यक कदम उठाए जा रहे है। इसी कड़ी में निगम के 09–09 हजार लीटर की क्षमता वाले दो बड़े पानी टैंकर्स अपने संसाधन बेड़े में उपलब्ध कराए गए है। महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने उक्त दोनों पानी टैंकरों को आज जनसेवा कार्य हेतु समर्पित किया तथा पूजा अर्चना कर पानी टैंकरों को कार्य पर लगाया। इस अवसर पर निगम के कार्यपालन अभियंता ग्यास अहमद, समाज सेविका मंगल बुधिया, देवेन्द्र सिंह, द्वासराम साहू, चंन्द्रकांत यादव, महावीर राठौर, रामखिलावन साहू, गोविंद राम, रामप्रसाद आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।